कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान

शासकीय डॉ. वामन वसुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

उन्होनें छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय की एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे औपचारिक रूप से 24 नवंबर 1969 को शुरू किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं का विशेष योगदान रहता है। इस वर्ष स्थापना दिवस पर छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया जिससे कि महाविद्यालय की छात्राएँ जागरूक हों और लोगों को भी जागरूक कर सके। छात्रायें प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द एवं महात्मा गाँधी के सिद्धान्तों और उनके आदर्शों पर चलकर सक्रियता के साथ स्वच्छता अभियान चला रही हैं जो अत्यन्त सराहनीय है।

डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि छात्राओं के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान सामान्य नागरिकों के लिये भी प्रेरणादायक है जिससे कि वे अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बना सकेंगे।

स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ. ऋतु दुबे, श्री विमल यादव एवं श्री विजय चन्द्राकर एवं कु. खुशबू साहू, कु. पूर्वी, कु. गोदावरी, कु. ममता, कु. यशस्वी, कु. चंचल का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती सिंह राठौर ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान